यूटीयू के कुलपति ने किया टीएचडीसी का दौरा

बोले- जिस उद्देश्य से इंजीनियरिंग कॉलेज का गठन हुआ था उसमें ठहराव सा दिखता है

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड टेक्निकल विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने अधिकारियों के साथ टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोपावर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, टिहरी का दौरा किया। कुलपति ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कार्यपालक निदेशक एलपी जोशी व परियोजना के अधिकारियों के साथ कॉलेज को संचालित किए जाने को लेकर बैठक की।

कुलपति ने कहा कि जिस उद्देश्य से कॉलेज का गठन हुआ था आज उन उद्देश्यों में ठहराव सा दिखता है। जिसका खामियाजा संस्थान और छात्रों को भुगतान पड़ता है। परियोजना के कार्यपालक निदेशक जोशी ने कहा कि विवि से अपेक्षा है कि हाइड्रो एंड रेनेवेबल एनर्जी पर भी काम होना चाहिए। इसमें एमटेक पार्ट टाइम और फुल टाइम एमटेक भी शुरू किया जाने का निर्णय लिया गया। मा.सि.रि.

शिक्षक, कर्मचारी गुटबाजी से बचें

कुलपति ने कहा कि शिक्षक, कर्मचारी गुटबाजी से बचें और संस्थान हित में कार्य करें। ताकि कॉलेज प्रदेश-देश में इंडस्ट्री एक रोल मॉडल के रूप में स्थापित हो सके। बैठक मे विवि के कुलसचिव प्रो. सत्येंद्र सिंह, वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह, जनतवाल टीएचडीसी इंजीनियरिंग कैंपस कॉलेज के निदेशक डॉ. शरद कुमार प्रधान आदि मौजूद थे।